# HAPUR POLICE

## प्रेस नोट

**थाना - बहादुरगढ़ दिनांक 16.10.2025**

**थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान कैंटर गाड़ी मे भारी मात्रा में अवैध पटाखे ले जाते समय एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से 68 कार्टून अवैध पटाखे (कीमत करीब 17-18 लाख रुपये) बरामद ।**

**कार्यवाही:-**



हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं पटाखे/विस्फोटक पदार्थ बेचने/भण्डारण करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान कैंटर गाड़ी मे भारी मात्रा में अवैध पटाखे ले जाते समय एक अभियुक्त को आनन्द फार्म हाउस से ब्रजघाट वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से 68 कार्टून अवैध पटाखे बरामद हुए हैं ।

उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-**

मौहम्मद नौशाद अल्वी पुत्र शौकत अली निवासी ग्राम सौदा थाना निवाड़ी जनपद गाजियाबाद व हाल पता गली नं0 07 मजीदपुरा थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ ।

**बरामदगी का विवरण:-**

1. 68 कार्टून अवैध पटाखे (कीमत करीब 17-18 लाख रुपये) ।
2. कैंटर गाडी नं0 यूपी 37 टी 5722 (सीजशुदा अन्तर्गत धारा 207 एमवीएक्ट) ।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1.उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र कुमार थाना बहादुरगढ जनपद हापुड़ ।

2.उ0नि0 श्री हरिपाल सिंह थाना बहादुरगढ जनपद हापुड़ ।

3.हे0का0 308 गजेन्द्र शर्मा थाना बहादुरगढ जनपद हापुड़ ।

4.हे0का0 70 रूपकिशोर थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ ।

5.का0 925 रजत शर्मा थाना बहादुरगढ जनपद हापुड़ ।